# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.05.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में छियासठ प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया।
2. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अठाईस मई को प्रस्तावित संयुक्त विश्वविद्यालय परीक्षा स्थगति की।
3. वाइस एडमिरल अजय कोचर ने अंडमान एवं निकोबार कमान के कमांडर– इन–चीफ पद का पदभार छोड़ा। अब वह वाइस–चीफ–ऑफ–द नेवल स्टाफ का दायित्व संभालेंगे।
4. भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के समापन समारोह में पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के लिए छियासठ जानी–मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें सेदो हस्तियों को पद्म विभूषण, छह को पद्म भूषण और अठावन को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जाने–माने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल कोकला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अभिनेता की पत्नी और लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। वायलिन वादक डॉ. एन. राजम को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, शतावधानि डॉ. आर. गणेश, उदय सुरेश कुमार और डॉ. कलिपट्टी रामासामी पाईस्वामी को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। जिन प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया, उनमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर, तागा राम भील, रतिलाल मोहन लाल बोरिसागर, स्वामी ब्रह्मदेव और कुमार बोस शामिल हैं। समारोह के दौरान, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृ ष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत और एच.डी. कुमार स्वामी सहित कई अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अठाइस मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की तारीख आगे बढ़ा दी है। एजेंसी ने कहा कि बकरीद की तिथि में बदलाव के कारण यह निर्णय लिया गया है। संशोधित परीक्षा तिथि की सूचना जल्द ही दी जाएगी। ताजा जानकारी के लिए विद्यार्थी, एनटीए की आधिकारिक वेबसाईट देख सकते हैं।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय की ओर से समाधान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जो 23 अगस्त को एक विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ समाप्त होगा। इसका उद्देश्य भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों का, सहमति–आधारित समाधान तंत्रों के माध्यम से निपटारा सुनिश्चित करना है। सभी हितधारकों से कहा गया है कि वे अपने विवादों के निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत में उपस्थित रहे। इच्छुक पक्ष निर्धारित Google Form भरकर अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए समाधान समारोह विशेष लोक अदालत के प्रभारी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

वाइस एडमिरल अजय कोचर ने अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ पद का पदभार छोड़ दिया है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने परिचालन तत्परता, सैन्य आधुनिकीकरण, त्रि–सेवा समन्वय तथा नागरिक–सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ किया। वे अब भारतीय नौसेना में वाइस चीफ ऑफ द नेवल स्टाफ का दायित्व संभालेंगे। उनके नेतृत्व में देश की एकमात्र त्रि–सेवा कमान एएनसी ने सेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षक बल के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए परिचालन क्षमता को सशक्त बनाया। अवैध शिकार रोकने के अभियान में अक्टूबर 2025 से अब तक चौसठ विदेशी शिकारियों को पकड़ा गया। वहीं भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के बाहर लगभग एक हजार चार सौ रोहिंग्याओं को ले जा रही बारह नौकाओं की सफल निगरानी की गई। श्री कोचर ने ए एन सी ने 'एक्सरसाइज द्वीप शक्ति–पच्चीस', थाईलैंड में 'कोबरा गोल्ड–छब्बीस' और श्रीलंका में 'ऑपरेशन सागर बंधु' जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान तीन सौ टन से अधिक राहत सामग्री प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाई गई। एयर फोर्स स्टेशन कार निकोबार और आई एन एस उत्क्रोष में रनवे उन्नयन सहित बुनियादी ढांचे का भी विस्तार हुआ। उनके कार्यकाल में तिरप्पन इंटर–आइलैंड कम्युनिकेशन सर्विस उड़ानों, कई मेडिकल कैंपों और राहत अभियानों से नौ सौ पचास से अधिक स्थानीय लोगों को लाभ मिला। कार्यभार छोड़ने से पूर्व अपने कार्यकाल के समापन

के अवसर पर वाइस एडमिरल अजय कोचर, को आज आई एन एस उत्क्रोष में संयुक्त सेवा के गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

<><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का समापन आज श्री विजयपुरम स्थित केंद्र में हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय "स्थानीय स्तर पर पहल और उसका वैश्विक प्रभाव" रहा। समारोह में पर्यावरण एवं वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) डॉ. एस. दिनेश कन्नन मुख्य अतिथि तथा केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश कन्नन ने जैव विविधता के महत्व, उसके संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन में भूमिका के महत्व पर कहा कि विद्यार्थियों और नागरिकों को प्लास्टिक प्रदूषण कम करने, जल एवं बिजली बचाने तथा स्वच्छता बनाए रखने जैसे पर्यावरण–अनुकूल व्यवहार के प्रति सजग रहना चाहिए। विशेष अतिथि डॉ. जय सुंदर ने द्वीपों की समृद्ध जैव विविधता और उसके संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सी. शिवपेरुमन के स्वागत संबोधन से हुई। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के कुल चौवन विद्यार्थियों ने चित्रकला, फोटोग्राफी, स्टोरीटेलिंग और शिल्प निर्माण प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। समापन समारोह में दक्षिण अंडमान, उत्तर एवं मध्य अंडमान तथा निकोबार जिलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

सहायक आयुक्त कार्यालय, रंगत द्वारा पी आर आई एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से तेरह जून को सुबह साढ़े पाँच बजे "रन फॉर हेल्थ, यूनिटी एंड एनवायरनमेंट" विषय पर "रंगत मानसून मैराथन दो हजार छब्बीस" का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और सामुदायिक भावना का उत्सव मनाना है। मैराथन में पुरुषों के लिए दस किलोमीटर और महिलाओं के लिए पांच किलोमीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। दोनों वर्गों में विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं पदक प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार दस हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार सात हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार पांच हजार रुपये निर्धारित किया गया है। सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानों, संगठनों तथा आम जनता से इच्छुक प्रतिभागियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए नौ चार तीन चार दो सात शून्य सात पांच आठ पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा ननकौड़ी में अनुबंध के आधार पर परामर्शदाता के एक पद को भरने हेतु आवेदन मांगे गए है। इच्छुक उम्मीदवारों को परियोजना निदेशक अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के पते पर निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ आवेदन जमा करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि बारह जून शाम साढ़े चार बजे तक है। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**<><><><><><><>**